www.avadhkaawaz.com

# अवध की आवाज

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र राजधानी लखनऊ उत्तर प्रदेश से प्रकाशित

वर्ष–10 अंक–81 R.N.I.- UPHIN/2012/45127 लखनऊ बुधवार 23 जून 2021 पृष्ठ – 8 मूल्य–3 रूपया

## धर्मातरण मामलाः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सख्त, दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश

लखनऊ, (वेबवार्ता)। मूक–बधिरों और महिलाओं को बरगलाकर धर्म परिवर्तन कराये जाने के मामले



का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लिया है। उन्होंने कहा है कि इस प्रकरण की तह तक जाने के लिए जांच एजेंसियों से इसकी जांच करायी जाये और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाये। मुख्यमंत्री योगी ने सभी दोषियों के खिलाफ गैंगस्टर के तहत कार्रवाई कर उन्हें एनएसए में निरुद्ध करने के आदेश दिए हैं। दोषियों की सम्पत्तियों की जांच कर जब्त करने की कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए हैं। यह भी आदेश दिए हैं कि ऐसा करने वालों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए और कोई भी दोषी बचना नहीं चहिए। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश की आतंक निरोधक दस्ता (एटीएस) ने सोमवार को धर्मांतरण कराये जाने के मामले का बड़ा खुलासा किया था। जिसमें शामिल दिल्ली के जामिया निवासी मोहम्मद उमर गौतम और मुफ्ती काजी जहांगीर कासमी को धर्मांतरण के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। प्राथमिक पूछताछ में पता चला है कि यह लोग मूक बधिर बच्चों और असहाय महिलाओं को अपना टारगेट करते थे। इन्हें अच्छी नौकरी, शादी, पैसे का प्रलोभन दिया जाता है। इसके लिए विदेशों से फंडिंग की जाती है। आरोप है कि उमर गौतम और मुफ्ती काजी जहांगीर कासमी की ओर से अब तक एक हजार गैर मुस्लिमों को मुस्लिम बनाया गया है।

## तीसरी लहर से निपटने के लिए योगी सरकार ने तैयार किया चक्रव्यूह

### 24 घंटे में मिले 255 कोरोना के नए केस, रिकवरी रेट 98.5 प्रतिशत दर्ज

लखनऊ(वेबवार्ता)। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने कोरोना की तीसरी लहर से निपटने के लिए प्रो–एक्टिव नीति को अपनाया है। राज्य स्तरीय स्वास्थ्य परामर्श समिति द्वारा सौंपी गई रिपोर्ट पर भी सरकार की नजर है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महामारी से बचाव और इलाज के सम्बंध में राज्यस्तरीय स्वास्थ्य विशेषज्ञ परामर्श समिति की संस्तुतियों पर गम्भीरता से काम करने के निर्देश दिए हैं। दावा है कि तीसरी लहर से बचाने के लिए सरकार ने हर जिले की सुरक्षा के लिए चक्रव्यूह तैयार कर लिया है। मंगलवार को टीम–09 के साथ कोविड प्रबंधन की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि तीसरी लहर से निपटने के लिए प्रदेश सरकार ने स्वच्छता, सैनिटाइजेशन, पीकू नीकू और मेडिकल मेडिसिन किट को इस चक्रव्यूह का हिस्सा बनाया है। युद्ध स्तर पर पीकू नीकू की स्थापना और मेडिकल मेडिसिन किट के वितरण की व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। जून के अंत तक प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेज में 100 बेड वाले पीकू नीकू और सीएचसी और पीएचसी में 50 नए बेड की व्यवस्था कर दी जाएगी। योगी ने कहा कि औद्योगिक विकास प्राधिकरणों की बैठक में स्थानीय औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाए। औद्योगिक विकास में उनसे व्यवहारिक सुझाव प्राप्त किए जाएं। मंडलध्जनपद स्तर के अधिकारी अपने क्षेत्रीय औद्योगिक इकाइयों के सतत सम्पर्क में रहें। इनसे संवाद बनाए रखा जाए। इनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि कोरोना की तीसरी लहर को ध्यान में रखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने बच्चों की स्वास्थ्य, सुरक्षा को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से घर–घर मेडिकल किट वितरण का विशेष अभियान शुरू किया है। जिसके तहत 27 जून से दवाएं घर–घर वितरित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि तीसरी लहर का मुकाबला करने के लिए 3011 पीएचसी और 855 सीएचसी को सभी अत्याधुनिक संसाधनों से लैस किया गया है। मेडिकल–किट में उपलब्ध दवाईयां कोविड–19 के लक्षणों से बचाव के साथ 18 साल से कम उम्र के बच्चों का मौसमी बीमारियों से भी बचाएंगी। बैठक में अपर मुख्य सचिव, सूचना नवनीत सहगल ने अतगत कराया कि बीते 24 घंटे में 255 नए मामले आये हैं। जबकि 397 मरीज उपचारित होकर स्वस्थ हुए हैं। वहीं, 2 हजार 525 लोग होम आइसोलेशन में हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में 3 हजार 910 कोरोना मरीज उपचाराधीन हैं। वहीं, 16 जिलों में संक्रमण के नए मामले नहीं मिले हैं। जबकि 55 जिलों में नए केस इकाई में आये हैं। सहगल ने बताया कि प्रदेश की कोविड रिकवरी दर 98.5 फीसदी हो गई है, जबकि पॉजिटिविटी दर 0.1 प्रतिशत फीसदी है। प्रदेश में अब तक 05 करोड़ 57 लाख 30 हजार 488 टेस्ट हो चुके हैं। जून माह में अब तक 0.2 फीसद पॉजिटिविटी दर रही है। उन्होंने बताया कि 21 जून को पहले दिन निर्धारित 06 लाख वैक्सीनेशन के सापेक्ष 07 लाख 29 हजार 197 लोगों को टीका–कवर प्रदान किया गया। अब तक 02 करोड़ 63 लाख 22 हजार 777 वैक्सीन डोज दी जा चुकी है।

## उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की कानपुर नगर इकाई की बैठक संपन्न

अवध की आवाज

कानपुर नगर।उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की कानपुर नगर इकाई की बैठक जरीब चौकी स्थित कार्यालय पर हुई। इस बैठक की शुरुआत सर्वप्रथम यूनियन के कानपुर देहात अध्यक्ष अंकुर गुप्ता के पिताजी को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई। पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद 2 मिनट का मौन रखकर वरिष्ठ पत्रकार के पिता को नमन किया गया। इसके उपरांत नगर इकाई के अध्यक्ष उमाशंकर तिवारी ने बताया कि पत्रकारों के हितों का संरक्षण करने के लिए उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार यूनियन सदैव आगे रहती है। इसी कारण यूनियन के राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार प्रदेश अध्यक्ष ने निर्णय लिया है की प्रत्येक जिले में एक जांच समिति और एक निर्णायक समिति बनाई जाए। यदि किसी पत्रकार को कोई भी समस्या होती है तो जांच समिति पहले उसकी पूरी जानकारी एकत्रित करेगी और अपनी रिपोर्ट निर्णायक समिति को देगी। यह निर्णायक समिति आवश्यकतानुसार स्थानीय, प्रदेश अथवा राष्ट्रीय नेतृत्व की सहायता से समस्या का समाधान निकालने का प्रयास करेगी। कानपुर नगर के महामंत्री संजय सक्सेना ने बताया कि आज गठित हुआ पत्रकार सहायता समूह यूनियन के सदस्यों के साथ ही कानपुर महानगर के अन्य पत्रकारों के हितों का संरक्षण करने का भी प्रयास करेंगा। कोई भी



पत्रकार अपनी समस्या लेकर निर्णायक समिति के समक्ष आ सकता है । इसके लिए हमारी ही यूनियन का सदस्य होना अनिवार्य नहीं है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष सारांश कनौजिया ने बताया कि 5 सदस्यीय जांच समिति में अजय कुमार निखिल, मोहित श्रीवास्तव, प्रदीप सचान, रमजान अली व संतोष वाजपेई होंगे। इसी प्रकार 5 सदस्यीय निर्णायक समिति में उमाशंकर तिवारी, संजय सक्सेना, अंकुर गुप्ता, गौरव अग्रवाल व सारांश कनौजिया होंगे। पीड़ित पत्रकार उमाशंकर तिवारी से 9451423756 व संजय सक्सेना से 8840404843 पर संपर्क कर सकते हैं।बैठक में उमाशंकर तिवारी, संजय सक्सेना, गौरव अग्रवाल, सारांश कनौजिया, अंकुर गुप्ता, बीएस राणा, अजय कुमार निखिल, संतोष वाजपेई, संजय कुमार दुबे, जितेंद्र गौतम, अजय मिश्रा, मोहित श्रीवास्तव, रमजान अली आदि उपस्थित रहे।

## टैक्टर व ट्राली का हुक टूटने से हुआ दर्दनाक हादसा कई लोग घायल

अवध की आवाज

निघासन खीरी। झण्डी गुलरी पुरवा संपर्क मार्ग पे हरसिंहपुर मंदिर के पास हुआ भयानक एक्सीडेंट टैक्टर व ट्राली व डलब जोकि एक साथ जुड़े हुए थे। दो जुड़े होंने के करण दोनों के जोड़ का हुक अचानक टूटने से मोड़ पर पलटा ट्रैक्टर ट्राली ग्राम पंचायत धर्मापुर मजरा टाड़ा का बताया जा रहा है। वहाँ से लोगो आ रहे थे। गुलरीपुरवा मंदिर पे भण्डारे के लिए मगर शायद ईश्वर को ही कुछ और ही मंजूर था। टैक्टर से ट्राली में जोड़े जाने वाले हुक अचानक टूट जाने से ट्राली टैक्टर,डलब जिसमे कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं ।अभी तक सूचना के अनुसार किसी की मृत्यु नहीं हुई है सभी लोगों को एंबुलेंस को बुलवाकर समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निघासन के लिए भेज



दिया गया है ।इस दौरान मौके पर मौजूद रहे। झण्डी चौकी के कांस्टेबल योगेश कुमार , हरेंद्र कुमार , धर्मेंद्र कुमार ने सभी घायलों को एंबुलेंस की मद्द लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निघासन को भेजा व साथ ही झण्डी चौकी पुलिस ने उनका सारा सामान एक पिकअपव मँगवाकर खुद लोड करा कर उनके घर को सकुशल भिजवा दिया गया ।

## ुकेश सिंह द्वारा सुंदरकांड का पाठ और विशाल भंडारे का आयोजन

अवध की आवाज

उन्नाव। गंगा घाट कोतवाली के अंतर्गत जेड के चौथे मंगल



को मराला चौराहे के निकट अपने आवास पर मुकेश सिंह द्वारा सुंदरकांड का पाठ और विशाल भंडारे का आयोजन बड़ी धूमधाम से मनाया गया। सभी लोगों ने बड़ी तादाद में आ कर बाबा की आरती की। और महिलाओं ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। बाबा का जयकारा लगाया। मुख्य रूप से उपस्थित रहे अवध की आवाज के जिला संवाददाता दीपक शुक्ला जी गंगा घाट अपराध संवाददाता विकास श्रीवास्तव। एवं आदरणीय पप्पू भाई बाजपेई जी, नीरज शुक्ला जी, हिमांशु शुक्ला,शिवम शुक्ला। सनी बाबा, पंकज वर्मा, शिबू अवस्थी,आदि भक्ति गण मौजूद रहे।

# ग्रामीणों को टीकाकरण के प्रति जागरूक करने में जुटी "चाइल्ड लाइन"

### मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के बारे में भी बता रहे ग्रामीणों को

अवध की आवाज ब्यूरो

लखनऊ। कोविड टीकाकरण के प्रति समुदाय में जागरूकता लाने का सरकार व स्वास्थ्य विभाग द्वारा हर स्तर पर प्रयास किये जा रहें हैं, ताकि अधिक से अधिक लोगों का टीकाकरण कर कोरोना से सुरक्षित बनाया जा सके । ग्रामीण क्षेत्रों में टीकाकरण के प्रति जनजागरूकता लाने में विभिन्न संगठन और संस्थाएं भी जुटीं है, जो लोगों को कोविड वैक्सीन के फायदे समझाने का काम कर रहीं हैं ।

चाइल्ड लाइन के निदेशक अंशुमालि शर्मा के निर्देश पर चाइल्ड लाइन की टीम ग्रामीण क्षेत्रों में घर–घर जाकर हेल्पलाइन – 1098 व कोरोना टीकाकरण के प्रति जागरूकता अभियान चला रही है । टीम के सदस्यों ने विकासखंड मोहनलालगंज, गोसाईगंज, काकोरी के कई गाँवों में पहुंचकर आमजनमानस को जागरूक किया । विकासखंड गोसाईगंज के कई ग्राम पंचायतों में चाइल्ड लाइन टीम के सदस्य नवीन कुमार ने आमजनमानस को जागरूक करते हुए बताया कि कोरोना टीकाकरण बहुत ही महत्वपूर्ण है, इससे व्यक्तियों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढती है, जिससे वायरस से लड़ने की ताकत मिलती है । कोरोना पर पूरी तरह से नियंत्रण के लिए टीकाकरण सर्वाधिक प्रभावी है । जागरूकता अभियान के दौरान काफी लोगों पर प्रभाव पड़ा और लगभग 60 लोगों का रजिस्ट्रेशन करके उनको वैक्सीन भी पी.एच. सी. खुजौली, सी.




एच. सी. मोहनलालगंज, सी.एच. सी. गोसाईगंज में लगवाई । जिन लोगों को रजिस्ट्रेशन कराने में समस्या उत्पन्न होती है टीम के लोग उनका रजिस्ट्रेशन भी करा रहे हैं । प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा आरम्भ की गई बाल सेवा योजना के बारे में भी समुदाय को जागरूक किया जा रहा है । बताया जा रहा कि ऐसे बच्चे जिनके माता – पिता में से किसी एक या फिर दोनों की कोरोना के कारण मृत्यु हो गई है, को इस योजना के माध्यम से आर्थिक सहायता के साथ–साथ कई अन्य सुविधाएं भी प्रदान की जाएंगी जिससे वह अपना जीवन यापन कर सकें । ऐसे बच्चों की सूचना चाइल्डलाइन – 1098 पर दें जिससे उन बच्चों को सरकार की इस योजना से जोड़ा जा सके । जागरूकता अभियान में चाइल्डलाइन टीम सदस्य पारुल कुमार , ललित कुमार, नेहरू युवा केंद्र लखनऊ की राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक नैंसी सिंह व कालेंन्द्री वर्मा भी जुड़ी हैं जिन्होंने लोगों को टीकाकरण के प्रति जागरूक करते हुए टीका लगवाने के लिए प्रेरित किया ।

## छेड़खानी का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

अवध की आवाज

उन्नाव । हसनगंज पुलिस अधीक्षक महोदय उन्नाव के कुशल निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोदय उन्नाव व क्षेत्राधि



कारी जी के कुशल पर्यवेक्षण में महिला संबन्धी अपराधों की रोकथाम व संबन्धित अभियुक्तों को गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना हसनंज पुलिस द्वारा छेड़खानी के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

## सैफ अली नकवी ने बाढ़ प्रभावित पलिया ब्लॉक के ग्राम नगला (पोस्ट मारोंचा) का दौरा

अवध की आवाज

लखीमपुर खीरी। कांग्रेस के प्रदेश महासचिव सैफ अली नकवी ने बाढ़ प्रभावित पलिया ब्लॉक के ग्राम नगला (पोस्ट मारोंचा) का दौरा किया और ग्राम वासियों से मिलकर उनका हाल जाना साथ ही बाढ़ से उत्पन्न समस्याओं को लेकर तहसीलदार आशीष कुमार सिंह से बात की। बाढ़ में नगला निवासी उत्तम कुमार का पुत्र मुलायम सिंह आज डूब गया था, सैफ अली नकवी ने कांग्रेस जनों के साथ उत्तम कुमार के घर जाकर उन्हें व उनके परिवार को ढाढस बंधाया और हर सम्भव मदद का विश्वास दिलाया साथ ही उन्होंने तहसीलदार आशीष कुमार सिंह से उत्तम कुमार के परिवार को मुआवजा अविलम्ब दिलाने की मांग की। इस दौरान सैफ अली नकवी सहित ब्लॉक अध्यक्ष सचिन शाह, पलिया नगर अध्यक्ष आबिद हुसैन खां, नगर उपाध्यक्ष अमर गुप्ता, प्रदेश सोशल मीडिया सचिव आसिफ अली, ब्लॉक उपाध्यक्ष आदिल खां, पूर्व प्रधान रामचन्द्र, युवा विधानसभा अध्यक्ष आकिब खां, अखिलेश कुमार यादव, विजय यादव, शाहिद, भानु मौर्य, गुरनाम



सिंह, अनिल महाजन, आदि भारी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## होप्स एंड ड्रीम्स चौरिटेबल ट्रस्ट पिछले 2 साल से लगातार जनता एवं गरीबो के हितों में लगी

बरेली। होप्स एंड ड्रीम्स चौरिटेबल ट्रस्ट पिछले 2 साल से लगातार जनता एवं गरीबो के हितों में लगी हुई है । इसी के चलते हमारी संस्था ने 4 महीने बाद बड़े माप पर आज डीडी पुरम चौराहे पर सुबह 11 से 3 बजे के अपरान्ह राजमा चावल एवं ठंडाई का वितरण किया। इस कार्य को अच्छा एवं शानदार बनाने में हमारी संस्था के सभी सदस्यों का योगदान रहा। ये कार्य वैसे हम दूसरी लहर से पहले हर रविवार करते है। लेकिन सरकार को गाइडलाइन्स के चलते ये बंद करना पढ़ा। तो हमारी संस्था की यही कोसिस है को फिरसे हम ये कार्य देश एवं जनता के लिये करे एवं इस कार्य एवं संस्था को उचाईयों तक ले जा सके इस कार्य मे मनन , सपना , विभूति , काविश , कुश , खुशी , रौनक का महत्वपूर्ण योगदान रहा ।

## वैक्सीनेशन महाअभियान की सफलता पर कलेक्टर द्वारा धन्यवाद ज्ञापित

सिंगरौली मध्य प्रदेश

सिंगरौली। कलेक्टर राजीव रंजन मीना ने जिले के नागरिकों और प्रशासन के सभी विभागों के अमले को वैक्सीनेशन महाअभियान में लक्ष्य से काफी अधिक उपलब्धि अर्जित करने पर बधाई दी है। उन्होंने नागरिकों का धन्यवाद भी किया जिन्होंने इतनी बड़ी संख्या में घर से निकलकर वैक्सीनेशन सेंटर पर पहुंचकर टीका लगवाया । उल्लेखनीय है कि सिंगरौली जिले मे निर्धारित लक्ष्य से अधिक टीकाकरण किय गया। कलेक्टर ने कहा कि कोरोना से निर्णायक जंग में वैक्सीन ही सबसे सशक्त हथियार है और नागरिकों के उत्याह से यह बात साबित भी हुई है । कलेक्टर ने संपूर्ण शासकीय अमले, अशासकीय संगठनों, जनप्रतिनिधियों, व्यावसाईयों सहित नागरिकों के प्रति अभियान को



सफल बनाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है । कलेक्टर ने आगे भी वैक्सीनेशन के लिए सहयोग देने की आपेक्षा की है।

## जिला जेल में बंद 10 विचाराधीन बंदियों को अंतरिम जमानत पर रिहा

*अवध की आवाज*

*बरेली, । जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री सत्येन्द्र सिंह वर्मा ने बताया कि हाई पावर कमेटी की बैठक में जारी दिशा निर्देशों के अनुक्रम में तथा माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा जारी आदेश के अनुपालन में जनपद न्यायाधीश श्रीमती रेणु अग्रवाल के आदेश पर कोरोना संक्रमण के खतरे को देखते हुए जिला जेल में बंद 10 विचाराधीन बंदियों को अंतरिम जमानत पर रिहा किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव श्री सत्येन्द्र सिंह वर्मा ने बताया कि मा. उच्च न्यायालय एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के आदेश तथा हाई पावर कमेटी की बैठक में दिए गए दिशा निर्देशों के अनुपालन में जिला जेल से प्राप्त प्रार्थना पत्रों के आधार पर सात वर्ष तक की सजा के विचाराधीन 10 पुरुष बंदियों को अपर सिविल जज न्यायालय संख्या 02 श्वेता यादव द्वारा अंतरिम जमानत पर रिहा किया गया है।*

## आत्महत्या के लिये दुष्प्रेरित करने वाले तीन गिरफ्तार

अवध की आवाज

उन्नाव। पुलिस अधीक्षक महोदय उन्नाव के कुशल निर्देशन एवं श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक महोदय उन्नाव व श्रीमान क्षेत्राधिकारी महोदय पुरवा के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना पुरवा पुलिस द्वारा आत्महत्या के दुष्प्रेरण से सम्बन्धित तीन अभियुक्तगणों को गिरफ्तार किया गया ।



# सिधौली ,बिजली विभाग के जेई के विरुद्ध कार्रवाई की मांग पत्रकारों ने उप जिलाधिकारी समेत पुलिस अधिकारियों को सौंपा ज्ञापन।

सिधौली/सीतापुर। संसद का चौथा स्तंभ कहे जाने वाले पत्रकारों पर हो रहे हमले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। लगातार हो रहे पत्रकारों के अधिकारों का हनन बढ़ता जा रहा है। सरकारी अधिकारी पत्रकारों को उनके काम करने से रोकते हैं। यदि कोई पत्रकार किसी भ्रष्ट अधिकारी के खिलाफ खबर प्रकाशित करता है अधिकारी उनके खिलाफ मुकदमा लिखवा देते हैं। ऐसा ही एक मामला जनपद सीतापुर के तहसील सिधौली का सामने आया। जानकारी के अनुसार बिजली विभाग सिधौली के जेई मोहित यादव का एक ऑडियो वायरल हुआ। जिसमें साफ–साफ सुना जा सकता है कि जेई साहब ने कहा कि फ्री फंड में कोई काम नहीं होता। जब इस ऑडियो को पत्रकार हिमांशु शुक्ला ने प्रकाशित किया तो जेई साहब का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया। जेई साहब एवं उनके समर्थक पत्रकार हिमांशु को लगातार ऑडियो वायरल न करने की बात कह रहे हैं एवं झूठे मुकदमों में फंसा देने तथा जान से मार देने की धमकी दे रहे हैं। जेई साहब ने पत्रकार हिमांशु एवं अब तक टीवी के संपादक राजेश सिद्धार्थ पर कोतवाली सिधौली में लिखित तहरीर देकर मुकदमा पंजीकृत करने की बात कही। इसी को लेकर पत्रकार एकता संघ के जिला अध्यक्ष गंगाराम यादव ने समस्त मीडिया कर्मियों के साथ प्रभारी निरीक्षक सिधौली, क्षेत्राधिकारी सिधौली एवं उप जिलाधिकारी सिधौली को लिखित ज्ञापन देकर जेई मोहित यादव के खिलाफ जल्द से जल्द सख्त कार्रवाई करने की मांग की। पत्रकार एकता संघ जिला अध्यक्ष गंगाराम यादव ने बताया कि जेई सिधौली के द्वारा सिधौली के पत्रकार हिमांशु शुक्ला के खिलाफ झूठे मुकदमे की तहरीर दी है। जेई के रिश्वत मांगने का ऑडियो वायरल हुआ है। इसको लेकर उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी एवं प्रभारी निरीक्षक को लिखित ज्ञापन सौंपा गया है तथा 24 घंटे का समय दिया गया है। यदि 24 घंटे में जेई के ऊपर उचित कार्रवाई नहीं होती है तो संगठन धरना प्रदर्शन हेतु बाध्य होगा। जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस मौके पर पत्रकार हिमांशु शुक्ला, गंगाराम यादव, अतुल तिवारी, गुरप्रीत सिंह, सुभाष गिरी, निर्दोष कुमार तिवारी, ममता तिवारी, संतोष दिक्षित संजय कुमार पांडे, जियाउल हक, वैस खान, कमलेश कुमार, उमेश बाजपेयी, मोहित यादव समेत दर्जनों पत्रकारगण मौजूद रहे।

# अपराधियों पर अंकुश के लिए अब प्रत्येक किराएदार का होगा सत्यापन,

## किरायेदारों की पृष्ठभूमि व क्रिया–कलापों पर अब रहेगी पुलिस की नजर

अवध की आवाज ब्यूरो

मनकापुर गोंडा। शहरी क्षेत्रों में अक्सर लोग आर्थिक लाभ हेतु अपने घरों को किराये पर देते है। लेकिन प्रायः यह देखने में आता है कि अपने मकानों को किराए पर देने से पूर्व ये मकान मालिक बिना किसी जानकारी या सत्यापन किये ही अपने घरों में किरायेदार रख लेते है। जिसका सीधा फायदा आपराधिक गतिविधियों में लिप्त लोगो को मिलता है। वो आसानी से अपनी पहचान छुपा कर राष्ट्रविरोधी, आतंकवादी, साम्प्रदायिक या अन्य बड़ी आपराधिक गतिविधियों को कारित कर आसानी से बच निकलते है। अब इस समस्या से निपटने के लिए पुलिस ने प्रत्येक किरायेदार का सत्यापन कराने का अभियान चलाया है। अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन ने ऐसे सभी किरायेदारों के सत्यापन का आदेश प्रत्येक पुलिस अधीक्षक को दिया है। जिसके परिपेक्ष्य में पुलिस अधीक्षक गोण्डा



संतोष कुमार मिश्रा ने जनपद के समस्त थाना प्रभारियों को उनके थाना क्षेत्र में रह रहे प्रत्येक किराएदार का सत्यापन करने का निर्देश दिया है। जिसके अंतर्गत प्रत्येक मकान मालिक को उसके यहां रह रहे किरायेदारों से संबंधित सूचना फार्म में भरकर जमा करानी होगी। उस सूचना के आधार पर थाना पुलिस द्वारा उस किराएदार का भौतिक सत्यापन किया जाएगा। इस अभियान के फलस्वरूप निश्चित ही पुलिस को प्रत्येक किरायेदार की पृष्ठभूमि व क्रिया–कलापों की जानकारी रहेगी। साथ ही अपराधिक किस्म के लोगों को अपनी पहचान उजागर होने का निरंतर भय रहेगा जिससे वह किसी भी आपराधिक गतिविधि को अंजाम नहीं दे पाएंगे क्योंकि उन्हें लगातार पुलिस कार्यवाही का भय बना रहेगा। पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक थाना प्रभारी को उनके थाना क्षेत्र में रह रहे प्रत्येक किराएदार का सत्यापन शीघ्र पूर्ण कर उससे संबंधित सूचना को अति शीघ्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

# मुरादाबाद में जहरीली गैस से एक ही परिवार के चार लोगों की मौत

मुरादाबाद, (वेबवार्ता)। उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में एक ही परिवार के पिता–पुत्रों,समेत चारों लोगों की आज जहरीली गैस से दम घुटने से मौत हो गई है। पुलिस महानिरीक्षक शलभ माथुर तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक तथा फोरेंसिक जांच टीम मौके पर मौजूद है। पुलिस महानिरीक्षक शलभ माथुर ने बताया कि फिलहाल उस तहखानेनुमा गोदाम को तुडवाया जा रहा है,ताकि चार लोगों की मौत की सही वजह स्पष्ट हो सके। एक सवाल के जवाब में आईजी ने पुष्टि करते हुए कहा कि मृतक राजेंद्र अवैध शराब के एक मामले में पूर्व में जेल जा चुका है,इन सभी तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए घटना की जांच की जा रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पवन कुमार ने मंगलवार को बताया कि मुरादाबाद के थाना डिलारी क्षेत्र के ग्राम राजपुर केसरिया में राजेंद्र पुत्र नारायण उम्र करीब 50 वर्ष की घर के अंदर बने गुप्त तहखाने में प्रथम द्रष्टया दम घुटने से उसकी तथा उसके दो बेटों हरकेश( 30 ) पीतम (25 ) तथा एक अन्य व्यक्ति रमेश (40) की मृत्यु हो गई। चारों के शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है। प्रथम दृष्टया मृत्यु तहखाने में बनी जहरीली गैस से होना प्रतीत हो रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होना संभव है। मृतक राजेन्द्र सिंह की गांव में सीमेंट की दुकान है, तथा दुकान के नीचे एक गोदाम बना हुआ है। जिसमें चार शव तहखाने नुमा गोदाम में पडे मिले हैं। बताया जा रहा है कि गोदाम में सीलन के साथ बहुत घुटन थी। सीमेंट के गोदाम में गोबर के उपले भी रखे हुए थे,अनुमान लगाया जा रहा है कि इस वजह से जहरीली गैस गोदाम में फैल गई थी। अजीब सी गंध वहां फैली हुई थी, जिससे लोगों को सांस लेने में भी तकलीफ हो रही थी।

# 19 बैच के आरक्षियों हेतु चलाये जा रहे 02 दिवसीय रिफ्रेशर कोर्स का निरीक्षण

अवध की आवाज

उन्नाव। पुलिस अधीक्षक महोदय उन्नाव द्वारा पुलिस लाइन में 2019 बैच के आरक्षियों हेतु चलाये जा रहे 02 दिवसीय रिफ्रेशर कोर्स का निरीक्षण किया गया तथा उपस्थित आरक्षियों को रिफ्रेशर कोर्स के सभी मुख्य बिन्दुओं के विषय में ब्रीफ किया गया। रेफ्रेशर कोर्स में मुख्यतः पुलिस द्वारा उपयोग मे लाये जा रहे विभिन्न शस्त्रों की हैण्डलिंग व सेफ्टी प्रिकॉशन्स, भीड़ नियन्त्र, दंगा निरोधी उपकरणों को पहनने का तरीका व तीव्र प्रैक्टिस, वाहन चेकिंग के दौरान बरती जाने वाली सावधानियां, बंद कमरे में प्रवेश व दबिश देने का तरीका, महिलाओं तथा बच्चों व अन्य जनमानस से व्यवहार, मीडिया हैण्डलिंग , सोशल मीडिया का प्रभाव, लाउड हेलर पर बोलने की आदत, निरोधात्मक कार्यवाही , 161 सीआरपीसी व 164 सीआरपीसी के बयान तथा अन्य सीआरपीसी के प्रावधानों की जानकारी प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न कालांशों के माध्यम से दी जा रही है।

# समाजवादी पार्टी से जुड़ रहे हैं युवा, 22 में मा. अखिलेश जी का मुख्यमंत्री बनना तय : राधेश्याम जायसवाल

सीतापुर। मंगलवार के दिन समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय में सीतापुर के पूर्व विधायक एवं वर्तमान नगरपालिका अध्यक्ष राधेश्याम जायसवाल एवं सपा सीतापुर नगर अध्यक्ष व आलमनगर सभासद संजय राठौर जी की उपस्थिति में पर उतरकर जनता की सेवा की, जिसे जनता के बीच से बहुत सराहना मिली। सदस्यता कार्यक्रम में युवाओं ने कहा कि हमने माननीय अखिलेश जी के शासनकाल को देखा है, जब बिना किसी धर्म, जाति के भेद के सरकार सबके



सैंकड़ो युवाओं ने ली समाजवादी पार्टी की सदस्यता। इस दौरान राधेश्याम जायसवाल जी ने युवाओं को सदस्यता दिलाने के बाद संबोधित करते हुए कहा कि आज पूरा प्रदेश बड़ी ही उम्मीद के साथ समाजवादी पार्टी की ओर देख रहा है, जनता को लगता है कि सिर्फ एक ही व्यक्ति उत्तर प्रदेश के युवाओं, किसानों, मजदूरों, अल्पसंख्यकों को उनका सही हक दिला सकता है, प्रदेश में विकास की गति को बढ़ा सकता है। आप सभी युवाओं के सपा में शामिल होने से हमें मजबूती मिलेगी, आने वाली समय में हम सभी मिलकर समाजवादी मूल्यों को जन जन तक लेकर जाएंगे। लॉकडाउन के दौर में समाजवादी पार्टी और सीतापुर नगरपालिका ने जमीन भले के लिए चलाई जाती थी, सबके लिए नीतियां बनाई जाती थी। हम सभी समाजवादी पार्टी की विचारधारा से सहमत हैं, अखिलेश यादव जी की नीतियों में विश्वास रखते हैं, इसलिए आज सामूहिक रूप से सीतापुर के युवाओं ने पूर्व विधायक एवं नगरपालिका अध्यक्ष राधेश्याम जायसवाल जी के सानिध्य में समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। इस दौरान मधुर गुप्ता, दिवाकर गुप्ता, अरविंद कुमार, लवकुश सिंह, सुशील कुमार प्रधान, शिवकांत पाल, बहार जाफरी, अलिफ रिजवी, अमरजीत, सुमित द्विवेदी, सत्येंद्र कुमार, अमित कुमार, पवन कुमार अनुज, पुष्पेंद्र सिंह, विनय कुमार तथा अन्य सैकड़ों युवाओं ने सदस्यता ग्रहण की।

# जौनपुर में चुनावी रंजिश में हुई मारपीट में घायल युवक की मृत्यु

जौनपुर, (वेबवार्ता)। उत्तर प्रदेश में जौनपुर के बक्शा थाना क्षेत्र के चुरावनपुर गांव में कुछ दिन पूर्व चुनावी रंजीश को लेकर दो पक्षों में आपसी मारपीट के दौरान घायल हुए युवक की सोमवार की देर रात मृत्यु हो गयी द्य पुलिस के अनुसार जिले में बक्शा थाना क्षेत्र के चुरावनपुर गाँव निवासी समरजीत चौहान (35) की चुनावी रंजिश को लेकर गाँव के ही कुछ युवकों से कहासुनी हो गयी थी , इसको लेकर चुनाव के पश्चात कई बार छिट पुट मारपीट की घटना हो चुकी थी , इसी क्रम में कुछ दिन पूर्व हुई मारपीट में घायल युवक की वाराणसी में इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी , मृत्यु की खबर से गाँव में तनाव की स्थित बनी है , प्रशाशन ने तनाव को देखते हुए गाँव में पुलिस तैनात कर दी है ! परिजनों ने आरोप लगाया है कि पुलिस प्रशासन की लापरवाही के कारण समरजीत चौहान की हत्या कर दी गयी और उनके परिवार के ऊपर मुकदमा 307 ,323,504,147,148 भारतीय दंड विधान की धाराओं में किसी नेता के दबाव में प्रशासन पीड़ित परिवार के ऊपर मुकदमा दर्ज कराया गया है।

# यूपी में मौसमी बीमारियों पर शिकंजा कसने के लिए 27 जून से हर घर दवा पहुंचाएगी सरकार

लखनऊ, (वेबवार्ता)। कोरोना के साथ–साथ बरसात के बाद होने वाली मौसमी बीमारियों पर शिकंजा कसने की राज्य सरकार ने बड़ी तैयारी की है। इसके तहत 18 साल से कम उम्र के प्रत्येक बच्चे को मेडिकल किट वितरण का विशेष अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान को गति देने के लिये ग्रामीण क्षेत्रों में 60569 और शहरी क्षेत्रों में 12006 निगरानी समितियों हैं। ग्रामीण क्षेत्र में समिति के 4 लाख से अधिक सदस्यों को लगाया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने टीम–9 के अधिकारियों को 27 जून से घर–घर तक दवाओं के विरतण के निर्देश दिये हैं। उन्होंने सभी जिलों के स्थानीय जनप्रतिनिधियों से अभियान में सहयोग की अपील की है। प्रत्येक मेडिकल किट की मॉनीटरिंग करने के लिये भी कहा गया है। सरकार प्रत्येक दिशा में बीमारियों से प्रदेश को बचाने के प्रयासों में जुटी है। बच्चों के लिये अस्पतालों में खास इंतजाम किये गये हैं। उनके बेहतर इलाज के लिये सभी अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में बेडों की संख्या बढ़ाई गई है। प्रदेश की 3011 पीएचसी और 855 सीएचसी को सभी अत्याधुनिक संसाधनों से लैस किया गया है। मेडिकल–किट में उपलब्ध दवाईयां कोविड–19 के लक्षणों से बचाव के साथ 18 साल से कम उम्र के बच्चों का मौसमी बीमारियों से भी बचाएंगी। मानसून का मौसम शुरू होते ही इंसेफ्लाइटिस, डेंगू, चिकनगुनिया, मलेरिया समेत अन्य बीमारियां तेजी से पैर पसारती है और बड़ी संख्या में लोग इन बीमारियों से पीड़ित होते हैं। सरकार ने इसके लिये पहले से ही पुख्ता तैयारी कर ली है। कोरोना जैसी वैश्विक महामारी से अन्य राज्यों के मुकाबले यूपी को जल्दी मुक्ति मिली है।

# छेड़खानी का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

अवध की आवाज ब्यूरो

उन्नाव। थाना अचलगंज, जनपद उन्नाव पुलिस अधीक्षक उन्नाव के कुशल निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक उन्नाव व क्षेत्राधिकारी बीघापुर के कुशल पर्यवेक्षण में महिला संबन्धी अपराधों की रोकथाम व संबन्धित अभियुक्तों को गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना अचलगंज पुलिस द्वारा छेड़खानी के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।




# केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के द्वारा धूमधाम से मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

अवध की आवाज ब्यूरो

जिला सिंगरौली मध्य प्रदेश। योग के असंख्य लाभ इसे दुनिया भर के लोगों के लिए एक लोकप्रिय अभ्यास बनाते हैं, विशेष रूप से एक महामारी के समय में जब मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य तनाव में होता है। पालन किया इस मौके पर बल के कमांडेंट सुब्रत कुमार झा ने जवानो को संबोधित करते हुए कहा कि– आतं हो गरम, सिर हो ठंडा, पेट हो नरम, तो मार वेध्य को डंडा

योग हमारे जीवन में एक बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान रखता है।






अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को दुनिया भर में मनाया जाता है। केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की इकाई एनसीएल सिंगरौली मे सोमवार को सातवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर इकाई के कमांडेंट सुब्रत कुमार झा की अध्यक्षता मे योगा का आयोजन कर इसे धूमधाम से मनाया गया। इकाई में सुबह–सुबह जवानों, अधिकारियों व पारिवारिक सदस्यों ने खास अंदाज में योगाभ्यास किया। इस दौरान बल के सहायक कमांडेंट इफ्तेकार मुहम्मद खान भी मौजूद रहे। कोविड– 19 के बीच आयोजित इस बार के अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम घर–घर में योग के तहत सुरक्षाबलों के जवानों व अधिकारियों ने अपने घरों में ही योग कर इस दिवस का

योग एक ऐसी कसरत है जिसे आप किसी भी स्थान पर कर सकते है। एक सामान्य व्यक्ति जो की हर दिन कुल आधा घंटा योग करता है वे पूरी उम्र बीमारियों से बचा रहता है। जहां एक ओर ब्व्टप्क–19 महामारी ने लोगों में तनाव और चिंता को बढ़ा दिया है। रोग और आइसोलेशन न केवल रोगी के स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहे हैं बल्कि भावनात्मक स्वास्थ्य और यहां तक कि उसके परिवार के सदस्यों के स्वास्थ्य को भी प्रभावित कर रहे हैं। योग इस प्रकार के मुद्दों से निपटने में मदद करता है। यह हमें मनो– शारीरिक स्वास्थ्य, भावनात्मक सद्भाव बनाने में मदद करता है और दैनिक तनाव और उसके परिणामों का प्रबंधन करता है।

# टैक्टर व ट्राली का हुक टूटने से हुआ दर्दनाक हादसा कई लोग घायल

अवध की आवाज ब्यूरो

निघासन खीरी। झण्डी गुलरी पुरवा संपर्क मार्ग पे हरसिंहपुर मंदिर के पास हुआ भयानक एक्सीडेंट टैक्टर व ट्राली व डलब दो जुड़े होंने के करण दोनों के जोड़ का हुक अचानक टूटने से मोड़ पर पलटा ट्रैक्टर ट्राली धर्मापुर का बताया जा रहा है। कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं अभी तक सूचना के अनुसार किसी की मृत्यु नहीं हुई है सभी लोगों को एंबुलेंस को बुलवाकर समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निघासन के लिए भेजा गया है इस दौरान मौके पर मौजूद रहे झण्डी चौकी के कांस्टेबल योगेश कुमार व हरेंद्र कुमार, धर्मेंद्र कुमार ने सभी घायलों को एंबुलेंस की मद्द लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा।

# गोवध निवारण अधिनियम में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

अवध की आवाज ब्यूरो

उन्नाव। थाना अजगैन, जनपद उन्नाव पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी हसनंगज के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना अजगैन पुलिस द्वारा गोवध निवारण अधिनियम में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।




# बाराबंकी में दूसरे धर्म में विवाह करने पर युवती को किया गंजा ,खूब मारा भी

बाराबंकी, (वेबवार्ता)। उत्तर प्रदेश के बाराबंकी के एक गांव में बालिग अनाथ युवती ने गैर धर्म के अनाथ युवक से विवाह कर लिया जिससे उसके चाचा व अन्य परिजन इस कदर नाराज हुए कि उसे मारा–पीटा और सर मुंडवा दिया। इस घटना की खबर फैलते ही गांव में तनाव का माहौल हो गया। सूचना पर गांव पहुची पुलिस युवती को कोतवाली ले आयी। घटना में शामिल युवती के चाचा सहित तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। इन तीनों समेत आठ लोगों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ है। पुलिस सूत्रों ने आज यहां कहा कि फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में मिथुन नाम का मजदूर पेशा अनाथ युवक गांव के बाहर एक कमरे में रहता है। उसके माता–पिता की मौत हो चुकी है। कुछ ही दूर एक झोपड़े में मां–बाप की मौत के बाद युवती अपनी दादी के साथ रहती थी। कुछ दिनों से युवक–युवती के बीच प्रेम संबंध बन गए। रविवार को गांव के ही एक धार्मिक स्थल के फेरे लेकर दोनों ने विवाह रचा लिया। युवती राजी खुशी लड़के के घर चली गई थी। लड़की के विवाह करने की सूचना जब उसके चाचा व घर के अन्य लोगों को मिली तो उनका गुस्सा इस कदर भड़का कि वह कल लड़के के घर पर आ गए। मिथुन उस समय किसी कार्य से घर से बाहर गया हुआ था। थाने में दी गई तहरीर में लड़की ने बताया कि सोमवार को चाचा रिजवान , नूर आलम, मो. शब्बीर, समी मुझे अपने घर से बुला लाए और चाचा रिजवान की पत्नी नजीरा, शबनम और मो. यूनुस आदि ने लात–घूंसे, चप्पल और डंडों से मारा पीटा। पहले सिर के बाल काटे और फिर पूरे सिर का मुंडन करा दिया। लड़की ने तहरीर में कहा कि परिवारीजन भद्दी–भद्दी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दे रहे थे। उसने बताया कि वह किसी प्रकार जान बचाकर भाग कर आई। पुलिस को दी तहरीर मेविभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है, जिसमें युवती के चाचा रिजवान के अलावा नूर आलम, मो. शब्बीर, समी, नजीरा,शबनम शब्बीर की पत्नी , व मो. यूनुस को नामजद किया है। जिसमें पुलिस ने रिजवान, नूरआलम व शब्बीर को गिरफ्तार कर लिया है।

# सम्पादकीय

## विदेशी माल का सम्मोहन

1970 में भारत में बिकने वाली दवाओं में बहुराष्ट्रीय कंपनियों का दो–तिहाई हिस्सा था। इसके बाद सरकार ने प्रोडक्ट पेटेंट को निरस्त कर दिया। पेटेंट, यानी नए आविष्कारों को बेचने का एकाधिकार दो तरह से बनाए जाते हैंरू 'प्रोडक्ट' पेटेंट में आप जिस माल (प्रोडक्ट) का आविष्कार करते हैं और उसे पेटेंट करते हैं, उस माल को कोई दूसरा बनाकर नहीं बेच सकता है। इसके विपरीत 'प्रोसेस' पेटेंट में आप किसी माल को पेटेंट नहीं करते हैं, बल्कि उसको बनाने की प्रक्रिया अथवा तकनीक (प्रोसेस) को पेटेंट करते हैं। प्रोसेस पेटेंट की व्यवस्था में कोई भी व्यक्ति पेटेंट किए गए माल को किसी दूसरे प्रोसेस से बना सकता है। जैसे मान लीजिए आपने लोहे को गर्म करके सरिया बनाने का पेटेंट ले लिया। प्रोडक्ट पेटेंट के अनुसार दूसरा कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रक्रिया से सरिया नहीं बना सकता है। लेकिन प्रोसेस पेटेंट के अनुसार दूसरा व्यक्ति लोहे को पीटकर सरिया बनाने को स्वतंत्र है, क्योंकि आविष्कारक ने लोहे को गर्म करके सरिया बनाने का पेटेंट ले रखा है। सरिया के प्रोडक्ट का पेटेंट उसे नहीं दिया गया है। प्रोसेस पेटेंट में दूसरी तकनीक से कोई व्यक्ति उसी माल को बना सकता है। 70 के दशक में भारत सरकार ने देश में प्रोडक्ट पेटेंट को निरस्त कर दिया। इसका अर्थ हुआ कि जो दवाएं बहुराष्ट्रीय कंपनियां बना रही थीं और बेच रही थीं चूंकि उनके पास उन दवाओं के प्रोडक्ट पेटेंट थे, उन्ही दवाओं को दूसरी तकनीक से बनाकर बेचने को भारतीय कंपनियां स्वतंत्र हो गई। परिणाम यह हुआ कि भारतीय कंपनियों ने उन्हीं दवाओं को नई तकनीकों से बनाना शुरू किया और 1991 में तैयार दवा जिसे 'फॉर्मूलेशन' कहते हैं, उसमें भारतीय कंपनियों का दबदबा भारत में ही नहीं अपितु संपूर्ण विश्व में स्थापित हो गया। साथ–साथ दवाओं को बनाने वाले कच्चे माल जिसे 'एक्टिव फार्मास्यूटिकल इंग्रीडिएंट्स' या एपीआई कहते हैं, उनका 99 प्रतिशत उत्पादन भारत में होने लगा और केवल एक प्रतिशत आयात किया जाने लगा। इसके बाद 1995 में सरकार ने विश्व व्यापार संगठन के अंतर्गत प्रोडक्ट पेटेंट को पुनः लागू कर दिया।

इसका परिणाम यह हुआ कि 1991 में हम जो केवल एक प्रतिशत एपीआई को आयातित करते थे, वह 2019 में बढ़कर 70 प्रतिशत आयात होने लगा। भारत इस बाजार से लगभग बाहर हो गया। फॉर्मूलेशन यानी तैयार दवा में कमोबेश ऐसी ही स्थिति बन गई है। पब्लिक हेल्थ फाऊंडेशन के शक्तिवेल सेल्वाराज की माने तो अगले 6 वर्षों में तैयार दवा भी भारी मात्रा में आयातित होने लगेगी और इस क्षेत्र में भी चीन का दबदबा स्थापित हो जाएगा। इस परिस्थिति का सामना करने के लिए सरकार ने अगले 6 वर्ष में 6940 करोड़ रुपए दवाओं के उत्पादन की बुनियादी संरचना बनाने में निवेश करने का ऐलान किया है। 19 मेडिकल उपकरणों के आयात को प्रतिबंधित कर दिया है। यह दोनों कदम सही दिशा में हैं, परंतु ऊंट के मुंह में जीरा जैसे हैं। सरकार को और अधिक प्रभावी कदम उठाने होंगे। पहला यह कि दवाओं पर आयात कर बढ़ाने होंगे। यह सही है कि आयात कर बढ़ाने से हमारे देश के नागरिकों को देश में बनी महंगी दवाएं खरीदनी पड़ेंगी, लेकिन प्रश्न देश की स्वास्थ्य संप्रभुता का है। यदि कुछ समय तक सस्ती आयातित दवाएं न खरीदें और उन्हें स्वयं बनाना शुरू करें तो कुछ समय बाद हम भी सस्ती दवाएं बना लेंगे। इसलिए विषय तात्कालिक बनाम दीर्घकालीन हितों का है। अपनी दीर्घकालिक स्वास्थ्य संप्रभुता को स्थापित करने के लिए हमें कुछ समय के लिए आयात कर बढ़ा देने चाहिए जिससे इनका उत्पादन देश में होने लगे। इस दिशा में एसोसिएशन ऑफ इंडियन मेडिकल डिवाइस इंडस्ट्री के राजीव नाथ ने कहा है कि इस वर्ष फरवरी में लागू किए गए बजट से वे निराश हैं क्योंकि मेडिकल डिवाइसों पर आयात कर नहीं बढ़ाए गए। उनके अनुसार घरेलु उत्पादन को प्रोत्साहन देने के लिए आयात करों को बढ़ाना ही होगा। दूसरा कदम सरकार को नई दवाओं के आविष्कार में भारी निवेश करना होगा। वर्तमान में कोविड के टीके बनाने वाली दो प्रमुख कंपनियां एस्ट्रेजेनेका और फाइजर को उनकी सरकारों ने भारी मात्रा में मदद की है और आज वे उन टीकों को हमें बेचकर बिक्री मूल्य का 50 प्रतिशत रॉयल्टी के रूप में हमसे वसूल कर रहे हैं।

तीसरा कदम दवाओं के उत्पादन के लिए जरूरी बुनियादी संरचना में निवेश का है। जैसा ऊपर बताया गया है, सरकार ने 6940 करोड़ रुपए के निवेश की घोषणा की है, लेकिन पॉली मेडिकेयर के हिमांशु वैद्य के अनुसार यह रकम यदि आने वाले 6 वर्षों के अंतिम समय में व्यय की गई तो तब तक देश में तैयार दवाओं पर भी चीन का कब्जा हो चुका होगा। तब यह निवेश चिडिय्या के खेत चुग लेने के बाद जाल बिछाने जैसा होगा। चौथा कदम सरकार को भारतीय कंपनियों को निवेश के लिए रकम सस्ते ब्याज दर पर ऋण अथवा सबसिडी के रूप में देनी चाहिए। अमरीकी सरकार ने ईस्टमैन कोडक कंपनी को 5700 करोड़ रुपए की विशाल रकम 25 वर्ष की मियाद पर दवाओं के कच्चे माल यानी एपीआई बनाने के लिए दी है। विशेष यह कि यह रकम अमरीका के डिफेंस प्रोडक्शन एक्ट के अंतर्गत दी गई है। अर्थात अमरीकी सरकार मानती है कि देश की रक्षा के लिए यह रकम दी जा रही है। इसी प्रकार भारत सरकार को अपनी कंपनियों को एपीआई और फॉर्मूलेशन बनाने के लिए भारी मदद करनी चाहिए अन्यथा देर हो जाएगी।

# टीकाकरण अभियान की गति और तेज होने से अर्थव्यवस्था भी जल्द ही पटरी पर लौटेगी

केंद्रीय वित्त मंत्रालय द्वारा देश में कोरोना महामारी के बचाव के लिए 24 घंटे सातों दिन टीका लगाये जाने की व्यवस्था कुछ ही समय में विकसित किए जाने की अनुशंसा की है ताकि टीका लगाए हुए लोगों के दायरे को बढ़ाते हुए देश की अर्थव्यवथा को पुनः तेजी से दौड़ाया जा सके। हाल ही में जारी किए गए अपने मासिक प्रतिवेदन में केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने बताया है कि देश में झुंड प्रतिरोधक क्षमता विकसित करने के लिए 70 करोड़ युवाओं को टीके की कम से कम खुराक 30 सितम्बर 2021 के पूर्व लगाई जाना अत्यंत आवश्यक है। इससे देश के उपभोक्ता एवं उत्पादकों में आत्मविश्वास का स्तर बढ़ेगा एवं यह आर्थिक विकास को शीघ्र ही गति देने में सहायक सिद्ध होगा। इसका आशय यह है कि अगले केवल लगभग 3.5 माह के दौरान लगभग 1 करोड़ से अधिक लोगों को प्रतिदिन टीका देना होगा तभी उक्त लक्ष्य को 30 सितम्बर 2021 तक हासिल किया जा सकता है।

देश में आज की परिस्थितियों में देशवासियों को कोरोना महामारी से बचाने के लिए उन्हें टीका लगाना ही एकमात्र उपाय उपलब्ध है। कोरोना महामारी की प्रथम लहर के बाद भारत की अर्थव्यवस्था तेज गति से आगे बढ़ने की ओर अग्रसर हो रही थी कि अचानक दूसरी लहर ने अर्थव्यवस्था को पुनः एक झटका दे दिया। स्वास्थ्य एवं अर्थव्यवस्था दोनों ही नजरियों से टीका ही एक उपाय के तौर पर उभर कर सामने आ रहा है। टीका लगाने से कोरोना महामारी से बचा जा सकता है अथवा यदि कोरोना से संक्रमण होता भी है तो यह उतना गंभीर नहीं होगा कि संक्रमित व्यक्ति की अकाल मृत्यु हो जाए। देश की कुल जनसंख्या के एक बहुत बड़े वर्ग का टीकाकरण कर लिया जाये अब इस ओर केंद्र सरकार द्वारा गम्भीर प्रयास किए जा रहे हैं। इससे देश में कोरोना से लड़ाई के विरुद्ध आत्मविश्वास पैदा होगा। लोग बगैर किसी डर के घरों से बाहर निकल सकेंगे और इससे बाजारों में रौनक पुनः लौट सकती है। देश की बड़ी आबादी पर्यटन के लिए अपने शहरों से बाहर जा सकती हैं। निर्माण उद्योग भी पुनः अपने उच्च स्तर को प्राप्त कर सकता है इससे पर्यटन एवं निर्माण के क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। इन्हीं कारणों से केंद्र सरकार का सोचना है कि 30 सितम्बर 2021 के पूर्व देश में 70 करोड़ लोगों का टीकाकरण कर लिया जाये। केंद्र सरकार ने, टीका उत्पादकों से चर्चा करने के उपरांत, ताकि आगे आने वाले समय में टीकों की उपलब्धता में किसी भी प्रकार की परेशानी खड़ी न हो, अब इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कमर कस ली है। इसके लिए राज्य सरकारों का भी सहयोग लिया जा रहा है। अब टीकों की उत्पादकों से अभिप्राप्ति केंद्र सरकार द्वारा की जाएगी इससे राज्य सरकारों पर दबाव कम होगा और राज्य सरकारें केवल टीकाकरण की ओर पूरा ध्यान केंद्रित कर सकेंगी। टीकाकरण का पूरा खर्च भी अब केंद्र सरकार द्वारा ही वहन किया जायेगा।

टीकों का निर्माण करने वाली कम्पनियों को केंद्र सरकार द्वारा आर्थिक सहायता उपलब्ध कराते हुए टीकों के निर्माण को बढ़ाने के प्रयास भी किये जा रहे हैं। साथ ही अन्य देशों में टीकों का निर्माण करने वाली कम्पनियों को भी भारत में ही इन टीकों के निर्माण हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है। अब टीकों का निर्माण करने वाली कम्पनियों द्वारा निर्मित किए गए 100 टीकों में से 75 प्रतिशत टीके केंद्र सरकार द्वारा खरीदे जाएंगे एवं शेष 25 प्रतिशत टीके इन कम्पनियों द्वारा बाजार में बेचा जा सकेगा। इससे इन कम्पनियों को यह निश्चिंतिता रहेगी कि उनके द्वारा उत्पादित टीकों का 75 प्रतिशत भाग तो तुरंत ही बिक जाएगा।

ग्रामीण इलाकों को भी टीकाकरण के दायरे में लाकर ग्रामीणों का टीकाकरण तेजी से हो इस हेतु प्रयास किए जा रहे हैं क्योंकि कोरोना महामारी की दूसरी लहर ने ग्रामीणों को भी प्रभावित किया है। इस तरह से कुल मिलकर सभी मोर्चों पर कार्य किया जा रहा है। देश में सभी समाजों एवं निजी क्षेत्र को भी इस काम में मदद करने हेतु निवेदन किया जा रहा है। अकेले केंद्र सरकार यह इतना बड़ा कार्य नहीं कर सकती है। टीकों के निर्माण, अभिप्राप्ति के साथ–साथ टीकों के वितरण पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है ताकि किसी भी राज्य में टीकों की उपलब्धता पर कोई विपरीत असर नहीं पड़े। दूरदराज ग्रामीण इलाकों में भी टीका समय पर उपलब्ध रहे इस हेतु प्रयास किए जा रहे हैं। लक्ष्य बहुत ही बड़ा है परंतु देश में इस समय इसके अलावा और कोई विकल्प भी नहीं है। अभी लगभग 30 लाख टीके प्रतिदिन लगाए जा रहे हैं इसे बढ़ाकर एक करोड़ से अधिक टीके प्रतिदिन तक ले जाना है। देश की अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए यह कार्य तो करना ही होगा।

सबसे पहले स्वास्थ्य सेवाओं एवं अन्य सेवाओं में कार्यरत लोगों को टीका लगाया गया इसके बाद 60 वर्ष से अधिक की आयु के लोगों को और अब 18 वर्ष से अधिक की आयु का लोगों को भी टीका लगाया जा रहा है। ऐसा इसलिए किया गया है ताकि कोरोना महामारी के समय में अस्पतालों में टीका लगाने वाले लोगों की भीड़ नहीं हो। हालांकि कोरोना के संक्रमण के धीरे–धीरे कम होने के साथ ही अब कुछ जगह पर वॉक–इन टीका लगने का काम भी शुरू किया जा चुका है। अब तो धीरे–धीरे और भी छूट दी जा सकती है जैसे पंजीकरण कराने के बाद अब कहीं भी और कभी भी टीका लगवाया जा सकता है। अब टीका लगाने की प्रक्रिया को बहुत आसान बनाया जा रहा है। शुरुआत में जरूर कुछ नियम बनाए गए थे ताकि स्थिति नियंत्रण में रहे।

भारत में आज डिजिटल, संप्रेषण एवं सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली मजबूत हो गई है अतः देश में इस प्रणाली का भी पूरा–पूरा लाभ लिया जा सकता है। भारत में अपार क्षमताएं एवं सम्भावनाएं मौजूद हैं जिनका पूरा उपयोग करते हुए प्रतिदिन एक करोड़ लोगों को टीका लगाने के लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। टीकाकरण के कार्यक्रम में तकनीक का भरपूर इस्तेमाल भी किया जा रहा है और पंजीकरण कराने के साथ ही टीका लगे हुए व्यक्तियों को प्रमाण पत्र जारी करने के लिए इस प्लेटफॉर्म का उपयोग किया जा रहा है।

अब तो कोरोना महामारी का दूसरा दौर ढलान पर है एवं देश में टीकाकरण के कार्य में भी तेजी लायी जा रही है ऐसे में अब केंद्र एवं राज्य सरकारों को अपने पूंजीगत खर्चों में वृद्धि करनी चाहिए ताकि रोजगार के नए अवसर निर्मित हों और उत्पादित वस्तुओं की मांग पैदा हो। इससे देश के गरीब वर्ग में आत्मविश्वास पैदा होगा और देश की अर्थव्यवस्था को गति मिल सकेगी। केवल केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारें ही क्यों अब तो निजी क्षेत्र को भी आगे आना चाहिए और अपनी उत्पादन क्षमता को बढ़ाना चाहिए। आज की परिस्थितियों में अधूरी पड़ी परियोजनाओं को प्राथमिकता सूची में डालकर शीघ्र पूर्ण करने के प्रयास किए जाने चाहिए। निर्माण क्षेत्र को गति दी जानी चाहिए एवं ग्रामीण इलाकों में नए नए अस्पतालों का निर्माण भी किया जा सकता है ताकि ग्रामीण इलाकों में भी स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार हो सके। इन सभी उपायों से देश की अर्थव्यवस्था में पुनः एक बार ट आकर की रिकवरी प्राप्त की जा सकती है।

–प्रह्लाद सबनानी

# कहोबा चौकी पुलिस ने किया पैदल गस्त सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

अवध की आवाज ब्यूरो

कहोबा चौराहा गोंडा। मोतीगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कहोबा पुलिस चौकी के चौकी प्रभारी द्वारा अपने हमराहीयो के साथ क्षेत्र में क्या पैदल गश्त लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा दुकानदारों एवं क्षेत्रवासियों को किया जागरूक। आपको बताते चलें कि चौकी प्रभारी भोला शंकर अपने हमराही कांस्टेबल आकाश वर्मा सहित सभी पुलिसकर्मियों के साथ चौकी क्षेत्र में पैदल गस्त कर दुकानदारों को दुकान खोलने और बंद करने का समय सीमा बताया तथा साप्ताहिक बंदी एवं नाइट कर्फ़्यू का पालन करने का शक निर्देश दिया। वही चौकी प्रभारी ने दुकानदारों को जागरूक करते हुए कहा कि अगर किसी भी प्रकार के अराजक तत्व अपराधी किस्म के व्यक्ति आप लोगों को परेशान करते हैं तो उन्हें अपने बातों में बरगला कर रखें और तुरंत इसकी सूचना यूपी डायल 112 चौकी पुलिस मोतीगंज पुलिस को दें दिन हो या रात गर्मी हो या बरसात पुलिस हमेशा जनता के साथ पैदल गश्त के दौरान चौकी प्रभारी भोला शंकर ने लोगों को दुकान पर बैठते समय मॉक्स लगाने का निर्देश दिया और नियमों का पालन करने का भी निर्देश दिया उन्होंने दुकानदारों से कहा कि अगर कोई भी दुकानदार बिना मार्क्स लगाए दुकान पर बैठा पाया गया तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी चौकी प्रभारी ने चौकी क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पैदल गस्त कर दुकानदारों सही क्षेत्रवासियों को जागरूक किया।





अवध की आवाज ब्यूरो

लखनऊ। दिनाँक 21 जून 2021 को प्रवर्तन अधिकारी कर्नल सत्येंद्र सिंह के निर्देशानुसार टीम लीडर अनिरुद्ध तिवारी ने जोन – 6 के राजस्व निरीक्षक सतीश यादव और 296 के प्रभारी मोहम्मद जमील और उनकी टीम के साथ संयुक्त अभियान चलाकर मछली मंडी, दुबग्गा में 25 झोपड़ी,शेड व अस्थायी दुकान हटवाया।

# बढ़ते जनाधार से बनेगी सपा सरकार: रिजवान अहमद

अवध की आवाज ब्यूरो

सीतापुर। समाजवादी पार्टी के प्रति बढ़ता जनाधार 2022 में अखिलेश यादव के नेतृत्व की सरकार बनाएगा। आज बहुत बड़ी संख्या में लोग समाजवादी पार्टी से जुड़ रहे हैं। जिनमें सबसे अधिक संख्या युवा वर्ग की है। यह युवा वर्ग ही सरकार बदलकर प्रदेश में खुशहाली लायेगा। उपरोक्त बातें समाजवादी लोहिया वाहिनी के निवर्तमान जिलाध्यक्ष रिजवान अहमद ने सीतापुर के मछली मण्डी वाल्मीकि बस्ती में अंकुर वीर वाल्मीकि के निवास पर आयोजित एक बैठक में कही। रिजवान अहमद ने बताया कि नये मतदाता ही नही बल्कि अन्य दलों के पदाधिकारी/ कार्यकर्ता समाजवादी विचारधारा से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ले रहे हैं। इस बैठक में एक दर्जन से अधिक लोगों ने सपा की सदस्यता ग्रहण की। सभी को जिला अध्यक्ष ने पार्टी की लाल टोपी लगाकर सदस्यता दिलाई। सदस्यता लेने वालों में मछली मण्डी वाल्मीकि बस्ती के राहुल वाल्मीकि, कारीपाकर के अनूप वाल्मीकि, प्रेमनगर निवासी राहुल वाल्मीकि, बदला कॉलोनी निवासी अनिकेत वाल्मीकि, सौरभ वाल्मीकि, उत्कर्ष वाल्मीकि, रामकोट निवासी अश्वनी वाल्मीकि व आदित्य वाल्मीकि, फैसलनगर निवासी शुभम वाल्मीकि, खैराबाद निवासी रोहित वाल्मीकि, लाल कुर्ती निवासी इमरान गाजी व अर्श गाजी शामिल रहे। सदस्यता ग्रहण करने वालों को रिजवान अहमद ने बधाई देते हुए 2022 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने के लिए जुट जाने की अपील की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रोहित रत्नाकर, सोनू सिंह, मो. शकील आदि उपस्थित रहे ।





अवध की आवाज ब्यूरो

प्रतापगढ़। भाजयुमो प्रदेश मीडिया प्रभारी धनंजय शुक्ला और अनुभव द्विवेदी ने जानकारी दी मंगलवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया प्रियांशु दत्त द्विवेदी जी को जो की भारतीय जनत युवा मोर्चा के विभिन्न पदो पर काम करते हुए मंडल उपाध्यक्ष मंडल अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष, प्रदेश संयोजक कमक क्लब, भाजयुमो प्रदेश मंत्री, भाजयुमो राष्ट्रीय मंत्री,भाजपा प्रदेश मंत्री भाजपा का सफर तय करते हुए दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी के युवा इकाई के प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया।

# कोविड–19 प्रबंधन हेतु गठित टीम–09 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशा–निर्देश

अवध की आवाज ब्यूरो

लखनऊ। प्रदेश में कोरोना महामारी की स्थिति नियंत्रण में है। कुल एक्टिव कोविड केस की संख्या 4,000 से कम हो गई है। वर्तमान में 3,910 कोरोना मरीज उपचाराधीन हैं। विगत दिवस 16 जिलों में संक्रमण के नए मामले नहीं मिले, जबकि 55 जिलों में नए केस इकाई में आये हैं। प्रदेश में कोरोना से स्वस्थ हुए लोगों की संख्या 16 लाख 78 हजार 486 हो चुकी है। प्रदेश की कोविड रिकवरी दर 98.5 फीसदी हो गई है, जबकि पॉजिटिविटी दर 0.1 % फीसदी है। प्रदेश में अब तक 05 करोड़ 57 लाख 30 हजार 488 टेस्ट हो चुके हैं। जून माह में अब तक 0.2 फीसद पॉजिटिविटी दर रही है। यह कोरोना संक्रमण के नियंत्रित होने का सूचक है। विगत 24 घंटे में प्रदेश में 02 लाख 44 हजार 275 कोविड टेस्ट किए गए। इसी अवधि में संक्रमण के 255 नए मामले आये हैं, जबकि 397 मरीज उपचारित होकर स्वस्थ हुए हैं। 2,525 लोग होम आइसोलेशन में हैं। आदरणीय प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से कोविड वैक्सीनेशन अभियान नई दिशा को प्राप्त कर रहा है। 21 जून को पहले दिन निर्धारित 06 लाख वैक्सीनेशन के सापेक्ष 07 लाख 29 हजार 197 लोगों को टीका–कवर प्रदान किया गया। यह निरंतरता बनी रहे। अब तक 02 करोड़ 63 लाख 22 हजार 777 वैक्सीन डोज दी जा चुकी है। 01 जुलाई से प्रतिदिन 10–12 लाख के लक्ष्य के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली जाएं। नोएडा में स्थापित शूटिंग रेंज को चंद्रो तोमर जी के नाम से जाना जाएगा। ख्यातिलब्ध निशानेबाज श्चन्द्रो तोमर जीश जीवटता, जिजीविषा और नारी सशक्तिकरण की अप्रतिम प्रतीक हैं। हाल ही में उनका देहावसान हुआ है। मातृ शक्ति को नमन करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार के ष्मिशन शक्तिष अभियान के क्रम में यह एक प्रयास है। उनके नाम पर शूटिंग रेंज का नामकरण युवाओं के लिए प्रेरणादायी सिद्ध होगा। औद्योगिक विकास प्राधिकरणों की बैठक में स्थानीय औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाए। औद्योगिक विकास में उनसे व्यवहारिक सुझाव प्राप्त किए जाएं। मंडल/जनपद स्तर के अधिकारी अपने क्षेत्रीय औद्योगिक इकाइयों के सतत संपर्क में रहें। इनसे संवाद बनाए रखा जाए। इनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जाए। अनेक राज्यों में कोविड संक्रमण के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। हमें अतिरिक्त सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। रेलवे, सड़क मार्ग अथवा वायुमार्ग के प्रदेश में आने वाले लोगों की जाँच कराई जाए। रेलवे स्टेशनों, बस स्टेशनों, हवाई अड्डों पर एंटीजन टेस्ट के लिए विशेष प्रबंध किए जाएं। संदिग्ध लक्षण वाले लोगों का आवश्यकतानुसार आरटीपीसीआर टेस्ट भी कराया जाए। पॉजिटिव पाए जा रहे लोगों की कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग भी कराई जाए। वयस्क लोगों के लिए मेडिकल किट वितरण जारी है और अब 27 जून से बच्चों की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से घर–घर मेडिकल किट वितरण किया जाएगा। जिलों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के माध्यम से निगरानी समितियों को दवाइयों का पैकेट दिलाया जाए। लोगों को स्वास्थ्य सुरक्षा के प्रति जागरूक करें। कोरोना काल की विषम परिस्थितियों के बावजूद भी इस वर्ष 56 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीद की गई है। यह उत्तर प्रदेश के इतिहास में किसी एक वर्ष में हुई सबसे अधिक गेहूं खरीद है। किसानों का हित सुरक्षित रखने के लिए सरकार संकल्पित है। जो भी किसान क्रय केंद्रों पर आ चुके हैं, उनके गेहूं की खरीद जरूर कराई जाए।

# सोनू सूद से यूजर ने कहा– भाई, मेरी गर्लफ्रेंड आईफोनमांग रही है! ऐक्टर ने दिया मजेदार जवाब

मुंबई, (वेबवार्ता)। सोनू सूद कोरोना महामारी के बीच मजबूरों के सबसे बड़े मददगार साबित हुए हैं। उन्होंने अब तक लाखों लोगों की किसी न किसी रूप में मदद की। कभी किसी प्रवासी को घर पहुंचाया, तो कभी किसी की जान बचाने के लिए रातभर जगकर ऑक्सीजन सिलिंडर की व्यवस्था की। यही कारण है कि सोनू सूद के ट्विटर अकाउंट से लेकर मुंबई में घर के बाहर तक फरियादियों की लंबी लाइन लगी रहती है। लेकिन इसी बीच कुछ मामले ऐसे भी आ जाते हैं, जब सोनू सूद भी अपनी हंसी रोक नहीं पाते। ऐसा ही कुछ मंगलवार की सुबह हुआ, जब एक फैन से सोनू सूद से अपनी गर्लफ्रेंड के लिए आईफोन की मांग रख दी।



'इंजीनियरिंग लड़का' के नाम से बने ट्विटर प्रोफाइल ने सोनू सूद और उनके फाउंडेशन को टैग करते हुए लिखा, 'भाई मेरी गर्लफ्रेंड आईफोन मांग रही है, उसका कुछ हो सकता है??' सोनू सूद ने भी इस यूजर को मजेदार जवाब दिया, जिसके बाद यह ट्वीट काफी वायरल हो रही है। सोनू सूद ने जवाब में लिखा, 'उसका तो पता नहीं, अगर आईफोन दिया तो पर तेरा कुछ नहीं रहेगा।' सोनू ने इसके साथ हंसने वाली इमोजी भी शेयर की।

सोनू सूद जहां एक ओर बिना रुके, बिना थके कोरोना काल में राशन से लेकर ईलाज और दवाइयों तक में लोगों की मदद कर रहे हैं, वहीं बॉम्बे हाई कोर्ट के फैसले के बाद ऐक्टर की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। दरअसल, सोनू सूद ने महामारी में सोशल मीडिया के जरिए अपने पास आए फरियादियों को कोरोना से जुड़ी दवाइयां उपलब्ध करवाई हैं। अब बॉम्बे हाई कोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार को आदेश दिया है कि वह सोनू सूद और विधायक जीशान सिद्दीकी की जांच कर यह पता लगाए कि कोरोना की दवाइयां उन तक कैसे पहुंचीं स कोर्ट ने अपने आदेश में यह भी कहा कि एक सिलेब्रिटी खुद को 'मसीहा' बता रहा है, जबकि उन्होंने इस बात की पुष्टि नहीं की कि जो दवाइयां उन्होंने दी हैं, वह नकली हैं या अवैध तरीके से उन तक पहुंचाई जा रही हैं।

सोनू सूद के साथ ही मामले में महाराष्ट्र सरकार को स्थानीय कांग्रेस विधायक जीशान सिद्दीकी की भी जांच के लिए कहा गया है। कोर्ट ने कहा कि दोनों से कोरोना महामारी के दौरान उपलब्ध करवाई गई दवाइयों के बारे में पूछताछ की जाएस हाई कोर्ट में जस्टिस एसपी देशमुख और जस्टसि जीएस कुलकर्णी की बेंच ने यह आदेश जारी किया है।

# तापसी पन्नू की साड़ी ने मॉस्को के बाद सेंट पीटर्सबर्ग में लूटी महफिल, श्रिया सरन से भी की मुलाकात

मुंबई, (वेबवार्ता)। तापसी पन्नू ने एक बार फिर दिल लूटा है। विदेशी सरजमीन पर उनके देसी अवतार को देख सोशल मीडिया पर तारीफ की बारिश हो रही है। तापसी इन दिनों रूस में हैं। मॉस्को के बाद उन्होंने सेंट पीटर्सबर्ग में भी किसी वेस्टर्न ड्रेस की बजाय साड़ी को चुना है। शहर की सड़कों पर साड़ी और स्नीकर्स में तापसी को देख, जहां एक ओर फैन्स उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं, वहीं बहुत से यूजर्स ने इसे देश की अस्मिता और संस्कृति से जोड़कर यहां तक कहा है कि उन्हें बॉलिवुड की 'हसीन दिलरुबा' तापसी पन्नू पर गर्व है।

तापसी पन्नू ने खुद अपना ये देसी अवतार इंस्टाग्राम पर फैन्स के साथ शेयर किया है। तापसी तस्वीर में लाइट येलो साड़ी के साथ नीले रंग की ब्लाउज और आंखों पर काले चश्मे के साथ स्नीकर्स शूज में नजर आ रही हैं। तापसी ने अपने इस लुक को शेयर करते हुए लिखा, 'ये गलियां काफी मनमोहक हो सकती हैं। रात के खाने के लिए देर हो गई! दौड़ो!

तापसी ने इसके साथ ही इंस्टाग्राम स्टोरी पर भी सेंट पीटर्सबर्ग में अपनी यात्रा की कई तस्वीरें शेयर की हैं। वह इससे पहले मॉस्को में थीं। वहां भी तापसी ने नीली साड़ी में सभी का दिल जीत लिया था। तापसी पन्नू इन दिनों छुट्टियां मनाने रूस गई हुई हैं। तापसी ने वहां ऐक्ट्रेस श्रिया सरन और उनके पति आंद्रेई कोशी से भी मुलाकात की। 'शिवाजी– द बॉस', 'आवारापन' और 'मिशन इस्तांबुल' जैसी फिल्मों में काम कर चुकीं श्रिया पति के साथ स्पेन में रहती हैं। हालांकि, दोनों जल्द ही भारत में री–लोकेट होने की तैयारी कर रहे हैं। तापसी पन्नू ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर खुलासा किया कि वह श्रिया और उनके पति आंद्रेई से मिलीं। तापसी ने इस मुलाकात की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा कि सेंट पीटर्सबर्ग में यह एक प्यारी मुलाकात थी। जल्द ही मुंबई में मिलते हैं।

वर्क फ्रंट की बात करें तो तापसी पिछली बार 'थप्पड़' फिल्म में नजर आई थीं। जबकि उनकी फिल्म 'हसीन दिलरुबा' जल्द ही ओटीटी प्लेटफॉर्म 'नेटफिलिक्स' पर 2 जुलाई को रिलीज होने वाली है। विनिल मैथ्यु के डायरेक्श में बनी यह फिल्म एक मर्डर मिस्ट्री है। फिल्म में तापसी के साथ विक्रांत मैसी और हर्षवर्धन राणे हैं। इसके अलावा तापसी की झोली में आगे 'लूप लपेटा', 'रश्मि रॉकेट', 'दोबारा' और 'शाबाश मिठु' जैसी फिल्में हैं।



# भाजपा सरकार कोरोना संक्रमण से मृत्यु के आंकड़े नहीं अपना मुंह छुपा रही: अखिलेश यादव

लखनऊ, (वेबवार्ता)। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने यूपी की योगी आदित्यनाथ सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा सरकार कोरोना संक्रमण से मृत्यु के आंकड़े नहीं, नाकाम रहने के कारण दरअसल अपना मुंह छुपा रही है। अखिलेश यादव ने मंगलवार को एक ट्वीट से भाजपा पर हमला बोला है। उन्होंने कहा, सूचना के अधिकार के तहत मिली जानकारी से ये भंडाफोड़ हुआ है कि 31 मार्च, 2021 तक के कोरोनाकाल में 9 महीनों में उप्र के 24 जिलों में मृत्यु का आँकड़ा सरकार द्वारा दिये गये आँकड़ों से 43 गुना तक अधिक है। भाजपा सरकार मृत्यु के आँकड़े नहीं दरअसल अपना मुँह छिपा रही है। इससे पहले सोमवार को अखिलेश यादव ने भाजपा पर बड़े घोटाले करने का आरोप लगाया था। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा, भविष्य की खुशहाली का झूठा सपना दिखाने वाला भाजपा नेतृत्व भी अब समझने लगा है कि अगले विधानसभा चुनाव में उसका सत्ता से बाहर होना तय है। भाजपा राज में बच्चों के खाने पर डाका डाला गया है। अखिलेश यादव ने कहा, भाजपा की सरकार में उत्तर प्रदेश की बदहाली की इबारत लिख दी गई है। जनता त्रस्त है, कानून व्यवस्था ध्वस्त है। सच तो यह है कि प्रदेश में ऐसी सरकार है, जिसमें न मंत्रियों की सुनवाई है, न ही जनता की। लोगों का विश्वास खो चुकी भाजपा अब चलते चलाते घोटालों की कमाई में लग गई है। भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टालरेंस का मुख्यमंत्री का दावा खोखला साबित हुआ है।



# सियासत और विवाद छोड़कर आम लोगों तक पहुंचाया जाए कोविड-19 टीकाकरण का फायदा : मायावती

लखनऊ, (वेबवार्ता)। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती ने कोविड–19 टीकाकरण को लेकर राजनीति और बहस मुबाहिसे को खत्म करके इसका फायदा आम लोगों तक पहुंचाने का चौतरफा प्रयास करने की जरूरत बताई। मायावती ने मंगलवार को सिलसिलेवार ट्वीट में कहा, देश में कोरोना टीके के निर्माण व उसके बाद टीकाकरण आदि को लेकर विवाद, राजनीति, आरोप–प्रत्यारोप आदि अब काफी हो चुका, जिसका दुष्परिणाम यहाँ की जनता को काफी भुगतना पड़ रहा है। मगर अब वैक्सीन विवाद को विराम देकर इसका लाभ जन–जन तक पहुँचाने का चौतरफा प्रयास जरुरी है। गौरतलब है कि कोविड–19 के टीके की उपलब्धता में कमी और टीकाकरण अभियान की प्रगति धीमी होने का आरोप लगाकर विपक्ष इन दिनों सरकार पर हमलावर है। बसपा अध्यक्ष ने कहा, भारत जैसे विशाल ग्रामीण बहुल देश में कोरोना टीकाकरण को जन अभियान बनाने तथा वैज्ञानिकों को समुचित समर्थन और प्रोत्साहन देने की कमी को भी दूर करना आवश्यक है। साथ ही, केंद्र तथा सभी राज्यों की सरकारों से बसपा की मांग है कि वे बुनियादी स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाएं।



# उत्तर प्रदेश सरकार ने छुपाए कोरोना से मौत के आंकड़े : अखिलेश

लखनऊ, (वेबवार्ता)। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने राज्य सरकार पर कोविड–19 महामारी में मारे गए लोगों की असल संख्या छुपाने का आरोप लगाया है। अखिलेश ने मंगलवार को ट्वीट कर कहा श्सूचना के अधिकार के तहत मिली जानकारी से ये भंडाफोड़ हुआ है कि 31 मार्च, 2021 तक कोरोना काल के नौ महीनों में उत्तर प्रदेश के 24 जिलों में मृत्यु का आंकड़ा सरकार द्वारा दिये गये आंकड़ों से 43 गुना अधिक है। उन्होंने ट्वीट में आरोप लगाया, श्राज्य की भाजपा सरकार मृत्यु के आंकड़े नहीं दरअसल अपना मुंह छिपा रही है। हालांकि यह ज्ञात नहीं हो सका है कि आरटीआई (सूचना के अधिकार) के तहत यह जानकारी किसे और कब दी गई।

# जामुन बीनने गए बच्चों को पेड़ में बांधकर पीटा, वीडियो वायरल

अवध की आवाज ब्यूरो

लखीमपुर खीरी। मोहम्मदी–खीरी, योगी सरकार भले ही कानून व्यवस्था कायम रखने के लाख दावे कर रही हो लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में जब– तब हृदय विदारक घटनाएं देखने को मिलती रहती हैं जो दिलों को कचोटती चली जाती हैं।

ऐसी ही एक घटना मोहम्मदी थाना क्षेत्र के मुंडा चौकी क्षेत्र के एक गांव गेहुँआ में सामने आई है जहां गांव के दबंग युवक ने खेत पर जामुन बीन रहे दो अबोध बालकों (पवन कुमार उम्र 11 वर्ष तथा धीरज कुमार उम्र 11 वर्ष) को जमकर पीटा तथा उन्हें रबड़ की बेल्ट से पेड़ में बांध ा दिया ।बच्चे घंटों तक जानवरों की तरह पेड़ में बंधे हुए रोते बिलखते दबंग से छोड़ने का अनुनय विनय करते रहे लेकिन उन पर रहम नहीं किया गया जानकारी मिलने पर जब बच्चों की मांएं सरिता देवी तथा शांति देवी बच्चों को देखने मौके पर पहुंची तो उनकी छाती सी फट गई उन्होंने दबंग से बच्चों को खोलने का काफी अनुनय विनय किया लेकिन दबंग ने एक न सुनी और गाली गलौज कर उनको भी भगा दिया जिसके बाद महिलाओं ने बच्चों को छुड़ाने के लिए पुलिस के सचल दल से सहायता मांगी जिस पर पहुंची पुलिस ने बच्चों को बन्धन से मुक्त कराया। महिलाओं ने दबंग के खिलाफ आरोप पत्र पुलिस को सौंपा है जिस पर पुलिस महज खानापूर्ति करने में लगी हुई है हालांकि पुलिस मुकदमा दर्ज करने की बात कर रही है।



अवध की आवाज ब्यूरो

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के नेता रमेश तूफानी एवं, राम सिंह बाल्मीकि को अनुसूचित आयोग के सदस्य बनाये जाने पर आज भाजपा नेता नीरज सिंह ने दोनों सदस्यों का मिठाई खिलाकर मुँह मीठा कराया बधाई दी साथ ही उज्जवल भविष्य की कामना किया साथ मे कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मा0 सदर विधायक, जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर में संयुक्त रूप से वाहन को हरी झंण्डी दिखाकर रवाना किया’:

## सम्भावित कोविड–19 कोरोना वायरस के थर्ड वेब की रोकथाम हेतु मेडिकल वाहन ब्लांकों में भेजे गये:

अवध की आवाज ब्यूरो

उन्नाव। (सू0वि0) मा0 सदर विध ाायक पंकज गुप्ता एवं जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने सम्भावित कोविड–19 कोरोना वायरस के थर्ड वेब की रोकथाम के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट परिसर से संयुक्त रूप से मेडिकल वाहन को हरी झंण्डी दिखाकर रवाना किया। है। गांव–गांव निगरानी समितियों के माध्यम से लक्षण युक्त बच्चों को निःशुल्क दवाई किट आयु वर्ग के अनुसार उपलब्ध करायी जायेंगी। उन्होंने बताया कि विभिन्न आयु वर्ग के लक्षण युक्त बच्चों को दवाई वितरण किये जाने वाले किट में आयुवर्ग के अनुसार पैरासिटामोल, एवं उपयोग की जाने वाली औषधि यों के बारे में एक पम्पलेट भी उपलब्ध कराया जा रहा है ताकि जनमानस पम्पलेट के अनुसार उपचार एवं बचाव की जानकारी प्राप्त कर सके। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 आशुतोष कुमार, अपर मुख्य




मा0 सदर विधायक ने बताया कि मा0 मुख्य मंत्री की निर्देशों के क्रम में सम्भावित कोविड–19 कोरोना वायरस के थर्ड वेब की रोकथाम के उद्देश्य से आज जनपद के 16 ब्लाकों में निगरानी समितियों के माध्यम से निःशुल्क वितरण की जाने वाली दवाई किटों हेतु वाहनों को रवाना किया गया। उन्होंने बताया कि लक्षण युक्त बच्चों तथा कोविड घनात्मक बच्चें जिनको बुखार, खासी, दस्त आदि के लक्षण होने पर निगरानी समितियों के माध्यम से प्रदेश सरकार गांव–गांव निःशुल्क दवाई किट वितरण किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से ब्लांकों में दवाईया का वितरण किया जायेंगा।

जिलाधिकारी ने बताया कि कोविड–19 के तहत कोरोना वायरस की तीसरी लहर में 0–1, 1–5, 5–12 वर्ष आयु के बच्चों के प्रभावित होने की आशंका को दृष्टिगत रखते हुये जनपद के सभी ब्लाकों में निगरानी समिति को दवाई किट उपलब्ध कराये जाने की व्यवस्था शुरू कर दी गई मल्टी विटामिन, आईवरमेक्टिन टेबलेट तथा ओ0आर0एस0के पैकेट, दवाई किट के साथ कोरोना वायरस के बचाव एवं सावधानियों चिकित्साधिकारी डा0 आर0के0 गौतम, उप निदेशक सूचना डा0 मधुताम्बे सहित स्वास्थ्य विभाग के सम्बन्धित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# धर्मांतरण कराने वालों पर लगेगा रासुका ,संपत्ति जब्त होगी : योगी

लखनऊ, (वेबवार्ता)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने धर्मांतरण मामले को बेहद गंभीरता से लेते हुए दोषियों के खिलाफ गैंगेस्टर की कार्रवाई कर उन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) में निरूद्ध करने के भी आदेश दिए हैं । उन्होंने कहा कि ध र्मांतरण कराने वालों की संपत्ति जब्त कर सख्त कार्रवाई की जाए। यूपी एटीएस ने सोमवार को जबरन धर्मांतरण कराने वाले एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश किया है। दिल्ली से संचालित यह गिरोह बड़ी संख्या में लोगों का धर्मांतरण पैसा, शादी और नौकरी का लालच दे कर करा चुका है। सोमवार को लंबी पूछताछ के बाद दो लोगों को यूपी एटीएस ने गिरफ्तार कर लिया। इसमें एक का नाम मुफ्ती जहांगीर आलम है और दूसरे का नाम उमर गौतम है। इन लोगों ने एक हजार से अधिक लोगों का धर्मांतरण कराया है जिसमें अधि ाकतर हिंदुओं को मुस्लिम बनाया गया है। अपर पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार ने बताया कि मूक बाधिर छात्रों व कमजोर आय वर्ग के लोगों को ध ान, नौकरी व शादी करवाने का लालच देकर धर्मांतरण कराया जा रहा था। इसका खुलासा गाजियाबाद के डासना से गिरफ्त में आए दो युवकों विपुल विजय वर्गीय और काशिफ की गिरफ्तारी से हुआ। एटीएस ने इस पूरे मामले की छानबीन की। दोनों युवकों की निशानदेही पर जहांगीर और उमर गौतम को पूछताछ के लिए लखनऊ मुख्यालय बुलाया गया था। सोमवार को लंबी पूछताछ के बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मामले में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। प्रशांत कुमार ने बताया कि गिरोह में कई लोगों के शामिल होने की जानकारी है। छानबीन की जा रही है। ध र्मांतरण कराने के बाद कई लड़कियों की शादी भी कराई जा चुकी है। दोनों आरोपियों को तीन जुलाई तक के लिए जेल भेज दिया गया है।

# तीसरी लहर के लिए अभी से पूरी तैयारी करे सरकार, कोविड मुआवजा कोष बनाए : राहुल

नई दिल्ली, (वेबवार्ता)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कोविड–19 महामारी की स्थिति को लेकर मंगलवार को पार्टी की ओर से एक ‘श्वेत पत्र’ जारी किया और केंद्र सरकार से आग्रह किया कि कोविड की तीसरी लहर की आशंका को देखते हुए अभी से पूरी तैयारी की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार की ओर से गरीबों को आर्थिक मदद दी जानी चाहिए और कोविड प्रभावित परिवारों को मदद देने के लिए कोविड मुआवजा कोष स्थापित करना चाहिए।

राहुल गांधी ने संवाददाताओं से कहा, ‘‘इस श्वेत पत्र का लक्ष्य सरकार पर अंगुली उठाना नहीं है। हम सरकार की गलतियों का उल्लेख इसलिए कर रहे हैं ताकि आने वाले समय में गलतियों को ठीक किया जा सके।’’

उन्होंने दावा किया कि कोविड–19 महामारी की पहली और दूसरी लहर के दौरान सरकार का प्रबंधन त्रासदीपूर्ण रहा।

कांग्रेस नेता ने कहा, ‘‘पूरा देश जानता है कि दूसरी लहर से पहले हमारे वैज्ञानिकों और चिकित्सकों ने दूसरी लहर की बात की थी। उस समय सरकार को जो कदम उठाना चाहिए था, जो व्यवहार होना चाहिए वह देखने को नहीं



मिला। इसके बाद दूसरी लहर का हम सब पर असर हुआ।’’

उन्होंने सरकार को आगाह करते हुए यह भी कहा, ‘‘पूरा देश जानता है कि तीसरी लहर आने वाली है। वायरस अपना स्वरूप बदल रहा है। इसीलिए हम सरकार से आग्रह कर रहे हैं कि वह पूरी तैयारी करे’’।

राहुल गांधी ने कहा कि ऑक्सीजन, दवाओं, बेड और दूसरी जरूरतों को तीसरी लहर के लिए पूरा करना चाहिए।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि यह जरूरी है कि तीव्र गति से टीकाकरण किया जाए।

उन्होंने कहा, ‘‘श्वेत पत्र में हमने चार मुख्य बिंदुओं पर ध्यान केंद्रित किया है। पहला बिंदु तीसरी लहर की तैयारी है। दूसरा बिंदु यह है कि गरीबों, छोटे व्यापारियों को आर्थिक मदद दीजिए। तीसरा यह कि कोविड मुआवजा कोष बने। चौथा बिंदु पहली और दूसरी लहर की गलतियों के कारणों का पता लगाया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि आगे यह गलतियां नहीं हों।’’

अवध की आवाज हिन्दी दैनिक, प्रकाशक ,मुद्रक व स्वामी,अनिल कुमार सिंह द्वारा स्काई लाइन प्रिन्टर्स,119/23 खन्दारी लेन, लालबाग, लखनऊ उ0प्र0 से मुद्रित तथा डी–97/3 व 7,सेक्टर–7, इन्दिरा नगर,लखनऊ,उ0प्र0 से प्रकाशित। सम्पादक अनिल कुमार सिंह फोन : 0522–4340954 मो0–7905407289, Email: avadhkiaawaz@gmail.com
नोट : समाचार पत्र से सम्बंधित सारे विवादोंका न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।